एन. सी. सी. के स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित

23 नवंबर। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में एन. सी. सी. के स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. पुष्यमित्र मिश्र, शहीदेआज़म सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के एन.सी.सी. अधिकारी डॉ.अनुराग पांडेय सहित एन.सी.सी. कैडेटों ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन कमान अधिकारी कर्नल संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मानवता के हित में महादान रक्तदान की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के ज़िन्दगी की रक्षा में रक्त की एक - एक बूंद जीवनदायिनी संजीवनी की तरह है। एन.सी.सी. के युवा अन्य युवाओं को भी इस दिशा में आगे बढ़कर प्रेरणा देते रहे हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना सारस्वत ने इस अवसर पर उद्बोधन में कहा कि लोकहित में किया गया हर कार्य सराहनीय होता है। रक्तदान सचमुच महादान है। एन.सी.सी. के कैडेट हमेशा जनहित में अग्रणी रहते हैं। कोविड के इस समय में रक्तदान का यह जज़्बा स्तुत्य है।

बाबू ईश्वर शरण जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में संबद्ध चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोएब इकबाल ने अपनी स्वास्थ्य टीम एस. एल. टी. मधुसूदन मिश्र, एल. टी. राजीव उपाध्याय, काउंसलर निशा वर्मा, स्टाफ नर्स शैलेश त्रिपाठी, सहायक स्टाफ पिंकू श्रीवास्तव के साथ आकर रक्तदान की प्रक्रिया संपन्न की।

इस मौके पर महाविद्यालय एन.सी.सी. के पूर्व अधिकारी डॉ. मंशाराम वर्मा को एनसीसी द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के प्रभारी डॉ. राजीव अग्रवाल ने उपस्थित रहकर कैडेटों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर एन. सी. सी. के सूबेदार दिनेश तोमर, नायब सूबेदार भवन सिंह, टेक प्रसाद, बाल नारायण सहित महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ. के. एन. पांडेय, डॉ. राम समुझ सिंह, डॉ. मंशाराम वर्मा, डॉ. जय शंकर तिवारी सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

डॉ. पुष्यमित्र मिश्र

एन.सी.सी. अधिकारी

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा

PL 1 3/48 UP BN NCC, Gonda

PL 1 3/48 UP BN NCC, Gonda